C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:46 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 64 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 25 अगस्त 2025

कभी खुशी कभी गम की छोटी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक यातायात एवं नगर के पर्यवेक्षण में यातायात निरीक्षक शिवराज सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस सीपीओ की संयुक्त टीम द्वारा शहर में रोडवेज स्टेशन से सिंधी चौक एवं तिकोनिया चौक तक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे, फुटपाथ और नो पार्किंग जोन में अनाधिकृत रूप से खड़े 56 वाहनों और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 85 वाहनों, कुल 141 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई। शहर के सभी आम जनमानस, वाहन स्वामियों एवं चालकों से अपील की जाती है कि सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें यातायात नियमों का पालन करें। सड़क किनारे, फुटपाथ और नो पार्किंग जोन में वाहन न खड़े करें। ऑटो/ई-रिक्शा एवं टैक्सी वाहनों को प्रतिबंधित क्षेत्र में न चलाएं। गलत दिशा में वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### करंट की चपेट में आने से झुलसा मजदूर

**नैनीताल ।** शहर के समीपवर्ती हनुमागढ़ी मंदिर में छत बनाने का कार्य कर रहा मजदूर अचानक करंट की चपेट में आने से झुलस गया । झटका लगने के बाद मजदूर बेसुध हुआ तो अन्य मजदूरों के भी हाथ पांव फूल गए। जिसे तत्काल मंदिर समिति सदस्य बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक हनुमागढ़ी मंदिर में इन दिनों छत को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। शनिवार को लखीमपुर खीरी यूपी निवासी मोहममद सलीम छत पर चढक़र कार्य कर रहा था। अचानक वह पास से गुजरने वाली बिजली की लाइन की चपेट में आया गया। तेज झटका लगने के बाद वह छिटक कर दूर जा गिरा और बेसुध हो गया। उसका झुलसा हुआ चेहरा व बेसुध देख मंदिर पदाधिकारी व मजदूर भी घबरा गए। आनन.फानन में उसे बीडी पांडे अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे होश आया तो उसके साथियों व मंदिर कर्मियों ने भी राहत की सांस ली।

## सम्मान समारोह: शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में जोरदार स्वागत

**लखनऊ** | एजेंसी

अंतरिक्ष यात्रा से लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज अपने गृहजनपद पहुंचे हैं। एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उनका स्वागत किया। उनके माता-पिता व परिजनों के साथ लखनऊवासी उनके स्वागत को आतुर हैं। उनके मोहल्ले त्रिवेणी नगर में जश्न का माहौल है। लखनऊ शहर में चारों ओर %शुभांशु- नेशनल हीरो% के पोस्टर्स लगे हैं।

लखनऊ के लाल के नगर आगमन पर उनका स्वागत करने के लिए सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा।



इस दौरान उनके साथ गाड़ी पर सुषमा खर्कवाल, उनके माता-पिता, पत्नी और बेटा मौजूद रहा। एक छात्र ने स्कूल के पुरातन छात्र रहे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को स्केच देकर उनका स्वागत किया। अंतरिक्ष से लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला के प्रथम लखनऊ आगमन पर अमौसी एयरपोर्ट पर सीएमएस स्कूल के तीन हजार बच्चों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर बच्चों ने परेड निकालकर प्रस्तुति दी। सीएमएस स्कूल में बच्चों ने अलग-अलग प्रस्तुति देकर ग्रुप कैप्टन का शानदार स्वागत किया। इस मौके पर शुभांशु भी कभी हाथ हिलाकर तो कभी हाथ जोड़कर बच्चों के अभिनंदन का जवाब देते रहे। सीएमएस स्कूल में बच्चों ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का ग्रैंड वेलकम किया। अलग-अलग प्रस्तुतियां दीं। उनके स्वागत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शुभांशु शुक्ला एयरपोर्ट से निकलकर एक कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़े, तो रास्ते में स्कूली बच्चों ने सड़क किनारे खड़े रहकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उनका जोश देखने लायक था। आसपास का इलाका भारत माता की जय के नारों से गूंजता रहा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज लखनऊ के लिए बहुत बड़ा दिन है। भारत के सपूत, लखनऊ के सपूत ने लखनऊ में कदम रखा है। जब से वह अंतरिक्ष से धरती पर लौटे हैं, लखनऊ के लोग बेसब्री से उनके आगमन का इंतजार कर रहे थे। आज आखिरकार वह क्षण आ ही गया। हम शुभांशु शुक्ला का गर्मजोशी और प्रेम से स्वागत करते हैं।

### जेल को सीएम या पीएम हाउस बनाकर सरकार चलाने की मंशा

## तंज: संविधान संशोधन को लेकर शाह ने विपक्ष को घेरा

**नई दिल्ली** | एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों की ओर से 130वें संविधान संशोधन विधेयक के विरोध पर कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि वह और भाजपा दोनों इस विचार को पूरी तरह से खारिज करते हैं कि देश उस व्यक्ति के बिना नहीं चलाया जा सकता, जो जेल में बंद है।

उन्होंने पूछा कि क्या कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कोई भी नेता जेल से देश चला सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ विपक्ष के रुख पर करारा हमला बोला। एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, %... आज भी वे कोशिश कर रहे हैं कि अगर वे कभी जेल गए, तो वे जेल से आसानी से सरकार चला लेंगे। जेल को सीएम हाउस, पीएम हाउस बना दिया जाएगा और डीजीपी, मुख्य सचिव, कैबिनेट सचिव या गृह सचिव जेल से आदेश लेंगे। शाह ने हाल ही में संपन्न संसद के मानसून सत्र के दौरान यह विधेयक पेश किया था, जिसमें प्रावधान किया गया है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री अगर पांच साल से अधिक की जेल की सजा वाले अपराधों के लिए 30 दिनों से अधिक जेल में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटाया जा सकता है। संसद में विपक्ष ने इस कानून को असंवैधानिक करार देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि यह सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने, गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों को फंसाने, उन्हें जेल में डालने और राज्य सरकारों को अस्थिर करने का एक तरीका है। एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में अमित शाह ने कहा, %मैं पूरे देश और विपक्ष से पूछना चाहता हूं कि क्या कोई मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या कोई भी नेता जेल से देश चला सकता है? क्या यह हमारे लोकतंत्र की गरिमा के अनुकूल है? आज भी वे कोशिश कर रहे हैं कि अगर उन्हें कभी जेल जाना पड़ा, तो वे जेल से आसानी से सरकार बना लेंगे। जेल को ही सीएम हाउस, पीएम हाउस बना दिया जाएगा और डीजीपी, मुख्य सचिव, कैबिनेट सचिव या गृह सचिव जेल से आदेश लेंगे। मेरी पार्टी और मैं इस विचार को पूरी तरह से खारिज करते हैं कि इस देश पर उस व्यक्ति के बिना शासन नहीं चल सकता जो जेल में बैठा है। इससे संसद या विधानसभा में किसी के बहुमत पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**कहा-हंगामे की जरूरत नहीं, शाह ने खारिज किए विपक्ष के दावे**



## उत्तराखंड में कैबिनेट विस्तार जल्द, सीएम ने दिए संकेत

**देहरादून** | हमारे संवाददाता

राज्य कैबिनेट में पांच पद खाली चल रहे हैं। इनमें चार पद काफी लंबे समय से खाली हैं, जबकि एक पद पूर्व संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद खाली हुआ है।

उत्तराखंड में कैबिनेट विस्तार जल्द ही हो सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने इसके संकेत दिए हैं। विस्तार की चर्चाओं से मंत्री पद की दौड़ में शामिल विधायकों के अरमान फिर से जाग गए हैं। राज्य कैबिनेट में पांच पद खाली चल रहे हैं। इनमें चार पद काफी लंबे समय से खाली हैं, जबकि एक पद पूर्व संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद खाली हुआ है। भाजपा के विधायक इन पदों के जल्द भरने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन कई बार की कसरत के बावजूद अभी तक मंत्रियों के खाली पदों को भरा नहीं जा सका है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नई दिल्ली दौरे के दौरान उनकी कैबिनेट विस्तार को लेकर शीर्ष नेतृत्व से बातचीत हुई है।

माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व की हरी झंडी के बाद अब जल्द इस संदर्भ में निर्णय लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भी रविवार को इसके संकेत दिए हैं। सीएम धामी ने कहा कि इस बाबत हाईकमान से बात चल रही है। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कैबिनेट में खाली चल रहे पदों को भरने को लेकर लंबे समय से कवायद चल रही है, अब इन पदों को जल्द भरा जाएगा।

कैबिनेट में जिन नए चेहरों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं उनमें विधायक खजान दास, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, विनोद कंडारी, भरत चौधरी, बंशीधर भगत, बिशन सिंह चुफाल, राम सिंह कैड़ा आदि समेत कुछ अन्य नाम शामिल हैं।



*कैबिनेट विस्तार को लेकर हाईकमान से बातचीत चल रही है। हमारी पार्टी लोकतांत्रित मूल्यों के आधार पर काम करने वाली पार्टी है, इसलिए हाईकमान के निर्देश के बाद मंत्रिमंडल विस्तार पर जल्द निर्णय होने की उम्मीद है।* **-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

## प्रदेश में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट दून समेत तीन जिलों में स्कूल बंद

**देहरादून** | हमारे संवाददाता

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और नैनीताल के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और नैनीताल के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में बिजली चमकने के साथ तेज दौर की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। आज 25 अगस्त को भी पर्वतीय जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

**मौसम**

- बिजली चमकने के साथ तेज दौर की बारिश की संभावना

जबकि 27 अगस्त तक प्रदेशभर में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। मौसम के पूर्वानुमान के चलते जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा देहरादून, उत्तरकाशी और चमोली जनपद में 1 से 12, एवं आंगनबाड़ी केंद्रो में अवकाश घोषित कर दिया है।

## ब्लॉक प्रमुख चुनाव में फायरिंग के 16 अपराधियों पर लगाया गैंगस्टर एक्ट

**हल्द्वानी/नैनीताल।** बेतालघाट ब्लॉक प्रमुख चुनाव के दौरान हुई फायरिंग की घटना को लेकर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने कड़ा रुख अपनाते हुए गैंग लीडर अमृतपाल उर्फ पन्नू समेत 16 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई उस समय की घटना के लिए की गई जब चुनाव के दौरान एक प्रत्याशी के समर्थक ने प्रतिद्वंदी पक्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की थी। पुलिस ने पहले ही इस मामले में कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन अपराधियों की लगातार बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए अब कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एनसीडब्ल्यूडीसी की एक बैठक आयोजित

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता

एन सी डब्ल्यू डी सी की एक बैठक हुई जिसमें बैठक नेतृत्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चम्पा त्रिपाठी और गरिमा जी द्वारा सम्पन्न हुई जिसमें एनसीडब्ल्यूडीसी के नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत और पेड़ श्रद्धस्त्र यात्रा आज कुसुमखेड़ा आर टेन्ट हाउस के पास में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपा त्रिपाठी गरिमा और गरिमा के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी जया कर्नाटक सुरेश कपिल लक्ष्मी नारायण जी नलिनी त्रिपाठी मंजू बिष्ट राधा आर्य को माला पहनाकर स्वागत किया गया और आई कार्ड भी दिए गए सभी पदाधिकारी के साथ मीटिंग की गई कि किस तरीके से संगठन में आगे कार्य करना है। एनसीडब्ल्यूडीसी की टीम ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपा त्रिपाठी के नेतृत्व में पिछड़े इलाके में जाकर महिलाओं को अपने किस तरीके से सफाई करनी है और किस तरीके से अपना ध्यान रखना है माहवारी के समय में उसके प्रति जागरूक किया। पूरी टीम ने महिलाओं को सैनिटरी नैपकिंस भी वितरित किया इस कार्यक्रम पर चंपा त्रिपाठी के साथ गरिमा सुरेश कपिल जया कर्नाटक नलिनी त्रिपाठी लक्ष्मी नारायण मंजू बिष्ट राधा आर्या सुनीता देवी उपस्थिति रही और पूर्ण सहयोग प्रदान किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपा त्रिपाठी में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी।



# रामनगर में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन बैठक

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**



पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर की अहम बैठक ओल्ड स्कूल रेस्टोरेंट में हुई जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं ग्रीनफील्ड अकैडमी के एमडी शिशुपाल सिंह रावत ने की। बैठक की शुरुआत हाल ही में काशीपुर के एक निजी स्कूल में शिक्षक की छात्र द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने की वीभत्स घटना पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हुई।

बैठक में सभी स्कूल संचालकों ने इस घटना की कड़ी निंदा की और एकजुट होकर यह निर्णय लिया कि एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही कुमाऊं कमिश्नर से मुलाकात कर शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग करेगा। एसोसिएशन ने साफ कहा कि शिक्षकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा और भविष्य में ऐसी घटना न दोहराई जाए इसके लिए प्रशासन को कड़े प्रावधान लागू करने होंगे। इसी क्रम में एसोसिएशन ने तय किया कि आगामी टीचर्स डे को गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा जिसमें छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करेंगे। इस पहल का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत करने और शिक्षा के महत्व को समाज के सामने लाना होगा।

बैठक में एसोसिएशन अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत ने कहा कि अभिभावकों की भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार दें ताकि वे किसी भी नकारात्मक गतिविधि से दूर रहें। साथ ही शिक्षकों की क्षमता वृद्धि और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा उन्नयन कार्यक्रम शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर मदर ग्लोरी स्कूल की प्रिंसिपल मीना पांथरी, ग्रेट मिशन स्कूल के डायरेक्टर प्रसून श्रीवास्तव, दून स्कॉलर स्कूल के डायरेक्टर खगेंद्र भट्ट, गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल हिमांशु जोशी, मेहरा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पंकज मेहरा, दीपक डिवाइन स्कूल के जसवंत सिंह बिष्ट, एक्स्ट्रा कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर कैलाश पांडे, आईसीए टांडा के प्रिंसिपल मनोज रावत, द संस्कृत सिंघल स्कूल के डायरेक्टर अरविंद सिंघल सहित कई स्कूलों के डायरेक्टर और प्रिंसिपल मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### 55वीं ऑन द स्पॉट चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल ।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव व प्रतियोगिता के आयोजक सचिव प्रो.घनश्याम लाल साह के मुताबिक अबकी बार शारदा संघ की ओर से 55वीं ऑन द स्पॉट चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर (रविवार) को किया जा रहा है। प्रो.साह ने बताया कि प्रतियोगिता हर वर्ष की तरह ही 6 वर्गो में होगी,प्रतियोगिता का आयोजन डीएसए मैदान में होगा। बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे होगा,बच्चों की ओर से बनायी गयी पेंटिंग की प्रदर्शनी का उद्घाटन 14 अक्टूबर (मंगलवार) की शाम को 5 बजे होगा जबकि 6 वर्गो में विजेता रहे प्रतिभागी बच्चों को 16 अक्टूबर (वीरवार) को शाम को 4 बजे शारदा संघ सभागार में पुरुस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी अपना पंजीकरण शारदा संघ कार्यालय में 2 सितंबर (मंगलवार) से लेकर 7 अक्टूबर (मंगलवार) तक (रविवार को छोड़कर) करा सकते हैं। प्रो.साह के मुताबिक इस तिथि के बाद पंजीकरण नहीं होगा,पंजीकरण के समय हर प्रतिभागी को पंजीकरण नंबर दिया जाएगा जिसे प्रतिभागी को अपने पास सुरक्षित रखना होगा।

### सूखाताल आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नैनीताल ।** नगर के सूखाताल वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिए। विशेषज्ञों द्वारा बच्चों की ऊँचाई, वजन तथा हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। सूखाताल वार्ड की सभासद गजाला कमाल ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर बच्चों व अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वस्थ रहना समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपन्न इस कार्यक्रम की क्षेत्रवासियों ने सराहना की।

### श्री राम के गुणों का बखान कर रहे बाल कलाकार



**नैनीताल ।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा भवन में जहां इन दिनों रामलीला की तालीम की जा रही है तथा बाल कलाकार श्री राम के गुणों का बखान कर रहे हैं वही रामलीला मंचन में प्रयोग होने वाले विशेष पर्दा को भी तैयार किया जा रहा है । कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के मास्टर ऑफ फ इन आर्ट्स की विद्यार्थी नेहा,किरण,सुमन तथा चंद्र प्रकाश साह के निर्देशन में कॉटन के कपड़े में राम राज्य दरबार के पर्दो में सुंदर कलाकारी के साथ रंग भरने का काम कर रहे हैं । इन कलाकारों की कलात्मकता से श्री राम लीला मंचन में भव्यता आएगी । राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने बताया कि इस वर्ष सभा द्वारा एक दर्जन से अधिक ने पर्दो को कलाकारों के सहयोग से बनाया जा रहा है जो मंचन के दृश्यों में रोचकता लाएंगे।

### पाइन क्रेस्ट स्कूल के बच्चों ने किया पौधरोपण



**नैनीताल ।** नगर के प्रतिष्ठित पाइन क्रेस्ट स्कूल के बच्चों ने रविवार को कैंट एरिया के पास आलूखेत में पौधरोपण किया। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी नैनीताल की संस्था के साथ रहकर पौधे रोपित किए गए इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक संतोष कुमार ने बच्चों ने सभी लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील भी की ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए फ लदायक होगी, साथ ही ग्रीन आर्मी नैनीताल संस्था ने बच्चों को प्रोत्साहित किया इस मौके कर ग्रीन आर्मी से सुरेंद्र चंद्र, गोविंद और पाइन क्रस्ट स्कूल से गुरुजन व बच्चे मौजूद रहे।



# जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्म्वाल को दी बाधाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड ग्वाल सेवा संगठन के संस्थापक अधिवक्ता पंकज कुलौरा व युवा शक्ति प्रदेश अध्यक्ष आशीष दुमका ने संगठन की तरफ से नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्म्वाल तथा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दर्मवाल को आवास पहुंच कर बधाई दी और उम्मीद जताई कि वह पूरे जिले में ग्राम पंचायत के बूथ स्तर तक विकास कार्य करेंगी।

कुलौरा के मुताबिक जिपं अध्यक्ष दीपा दर्मवाल ने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद वह जिले के प्रत्येक गांव में भ्रमण करेंगी तथा गांव के गरीब व जरूरतमंद लोगों को जिला पंचायत की ओर से हरसंभव मदद करेंगी। इस दौरान बागेश्वर के जिला पंचायत सदस्य नवीन सिंह परिहार, खुशी परिहार, अनिल नगरकोटी, करन दर्मवाल भी मौजूद रहे।

# चर्चा: नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव की तैयारियों

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में 28 अगस्त से शुरु होने जा रही नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव की तैयारियां इन दिनों प्राथमिकता से चल रही हैं।

इसी को लेकर शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल ने पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा व सभासदों के साथ महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की, इस बीच पालिका द्वारा मल्लीताल मैदान में दुकानों का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है साथ ही पालिका ने महोत्सव के सफ ल आयोजन के लिए श्री राम सेवक सभा को 11 लाख का चेक प्रदान किया।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी रोहित शर्मा,श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज शाह, पूर्व पालिका अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू, सभा सब गीता उप्रेती, काजल आर्य, मुन्नालाल, हरीश राणा गिरीश जोशी मक्खन के अन्य श्री राम सेव सभा के सदस्य वह सभासद उपस्थित थे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# भवानीगंज में रामलीला की गूंज झंडा पूजन के साथ हुई शुरुआत

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

आदर्श रामलीला समिति भवानीगंज की ऐतिहासिक रामलीला इस बार अपने 52वें वर्ष में कदम रख रही है। सोमवार को रंगमंच पर पारंपरिक झंडा पूजन के साथ इसकी विधिवत शुरुआत कर दी गई। समिति मंत्री राजीव अग्रवाल ने बताया कि रामलीला का मंचन 1 सितंबर से 15 सितंबर तक होगा जिसके लिए कलाकार इन दिनों जमकर तालीम ले रहे हैं। कलाकारों का जोश देखते ही बनता है, हर कोई अपने किरदार को जीवंत बनाने के लिए दिन-रात पसीना बहा रहा है। समिति अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि रामलीला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि समाज को आदर्श जीवन की सीख भी देती है। इस मौके पर महाप्रबंधक सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष किशोर चंद्रा, मुनेश चंद्र, कृष्ण कुमार शर्मा, चंद्रसेन कश्यप, ओम प्रकाश आर्यवंशी, किशोर कश्यप, मनोज कुमार, मयंक रौत, गौरव बिष्ट और सुशील जोशी समेत कई पदाधिकारी और नगरवासी मौजूद रहे। झंडा पूजन के साथ ही रामलीला महोत्सव की गूंज पूरे नगर में शुरू हो गई है और अब लोगों को बेसब्री से 1 सितंबर का इंतजार है जब मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की गाथा जीवंत हो उठेगी।



# किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



पुलिस ने किसान के शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है इस घटना से परिवार सहित छेत्र में सन्नाटा पसरा हुआ है बताते दे कि शहर में रविवार को एक रहस्यमयी और सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। गन्ना सेंटर क्षेत्र में स्थित एक घर में 55 वर्षीय किसान कुंदन बोरा की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। घटना के बाद से इलाके में तनाव और भय का माहौल है।

बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत कुंदन बोरा के घर पहुंचे, जहां उन्हें लहूलुहान हालत में पड़ा पाया गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार यह पता नहीं चल पाया है कि गोली खुद से चली, हादसा था या फिर किसी ने जानबूझकर चलाई। शुरुआती जांच में आत्महत्या, हादसा और हत्या-तीनों एंगल से जांच की जा रही है। गोलीकांड की सूचना मिलते ही सीओ,नितिन लोहनी कोतवाल राजेश कुमार यादव टीपी नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार और पुलिस टीम, फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर घर की गहन तलाशी ली। पुलिस ने मौके से कई साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों पर और रोशनी पड़ सकती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिवारजनों और आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिस असलहे से फायर हुआ है। उसकी भी जांच की जा रही है। वहीं मृतक के पत्नी हीरा देवी, पुत्र लक्ष्मण, तारा, जगदीश, बदहवाश है। पुलिस का कहना है कि जिससे गोली चली है वह असलहा अवैध है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# अभिमत

## देववाणी का संवर्धन

***संस्कृत गांव में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को अंग्रेजी की भी शिक्षा का प्रावधान किया जाना चाहिए। विदेश में संस्कृत के साथ अंग्रेजी का ज्ञान होने वालों के लिए रोजगार के अवसर हैं। विदेश में रहने वाले भारतीयों को कर्मकांड, धार्मिक अनुष्ठान के लिए पंडित की जरूरत होती है। आर्थिक रूप से संपन्न लोग भारत से पंडित को बुलाकर कर्मकांड कराते हैं। भारत से जाने वाले पंडित संस्कृत और हिन्दी के साथ विदेशी भाषा नहीं बोल पाते हैं। विदेश स्थित मंदिरों में नियुक्त होने वाले पुजारियों को द्विभाषी की मदद लेनी पड़ती है।***

उत्तराखंड में 13 आदर्श संस्कृत गांव बनाये गये हैं। देववाणी संस्कृत का संरक्षण और संवर्धन करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य हो गया है। संस्कृत गांव में रहने वाले अपने दैनिक जीवन में संस्कृत का प्रयोग करेंगे, जिससे देववाणी पुनः भारत के निवासियों के जीवन में बोलचाल, व्यवहार और संवाद का माध्यम बन सके। राज्य सरकार ने संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष छात्रवृत्ति देने का निर्णय किया है। भारत के साथ ही विदेश के कई विश्वविद्यालयों में संस्कृत भाषा का अध्ययन होता है। संस्कृत गांव में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को अंग्रेजी की भी शिक्षा का प्रावधान किया जाना चाहिए। विदेश में संस्कृत के साथ अंग्रेजी का ज्ञान होने वालों के लिए रोजगार के अवसर हैं। विदेश में रहने वाले भारतीयों को कर्मकांड, धार्मिक अनुष्ठान के लिए पंडित की जरूरत होती है। आर्थिक रूप से संपन्न लोग भारत से पंडित को बुलाकर कर्मकांड कराते हैं। भारत से जाने वाले पंडित संस्कृत और हिन्दी के साथ विदेशी भाषा नहीं बोल पाते हैं। विदेश स्थित मंदिरों में नियुक्त होने वाले पुजारियों को द्विभाषी की मदद लेनी पड़ती है। हरिद्वार, ऋषिकेश, वाराणसी आदि में कुछ संस्थाएं कर्मकांड, ज्योतिष में पारंगत युवाओं को विदेश के मंदिरों में पुजारी के रूप में नियुक्त करती हैं। देवभूमि उत्तराखंड में पहले से ही संस्कृत विद्यालय हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे संस्कृत विद्यालयों में पढ़कर घरों में पूजन कराने के काम तक सीमित रहते हैं। उच्च शिक्षा और किसी अन्य भाषा का ज्ञान नहीं होने से प्रगति नहीं कर पाते हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थानों में शोध करने वालों को संस्कृत के ग्रंथों के अनुवाद की आवश्यकता होती है। अंतरिक्ष में उपग्रह प्रक्षेपण के लिए संस्कृत के ग्रंथों से मदद मिली है। चिकित्सा के क्षेत्र में आयुर्वेद की दवाओं को एलोपैथी में अंग्रेजी के नाम से निर्मित किया जाता है। एलोपैथी की दवा का साइड इफेक्ट होता है, जबकि आयुर्वेदिक दवा रोग का स्थायी उपचार करती है। आयुर्वेदिक, आयुष, प्राकृतिक चिकित्सा तथा योग के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। बाबा रामदेव के पतंजलि संस्थान ने विदेश में भी योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा का प्रसार किया है। पतंजलि संस्थान में संस्कृत में कर्मकांड, ज्योतिष में उच्च शिक्षा प्राप्त कर युवा भविष्य तलाश रहे हैं। राज्य सरकार को संस्कृत गांव के लोगों को संस्कृत ज्ञान तक ही सीमित न रखकर विदेशी भाषा के ज्ञान का प्रबंध करना होगा।

# आयोजनः जयंती पर बच्चों को किया सम्मानित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



शिल्पकार सभा नैनीताल द्वारा रविवार को राय बहादुर मुंशी हरिप्रसाद जी की 138वीं जयंती (साप्ताहिक) के अवसर पर प्रतिभावान स्कूली बच्चों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नैनीताल शहर के सरकारी /अर्द्धसरकारी एवम पबलिक स्कूलों के उत्कृष्ट अंक प्राप्त 60 छात्र -छात्राओं को सममानित किया गया,जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रा किया। कार्यक्रम में मुखय अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य जबकि विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी ईशा साह तथा डॉ. प्रमोद कुमार (एड)थे।

कार्यक्रम में समाजसेवी ईशा साह ने कहा कि हरि प्रसाद टमटा ने सामाजिक उत्थान के लिए जो कार्य किया उसे भुलाया नहीं जा सकता है, शिल्पकार सभा द्वारा ने समाज के सभी वर्गों के विद्यार्थियों को सममानित कर सराहनीय कार्य किया है, वही मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्य ने कहा कि हरि प्रसाद टमटा हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं, उनके द्वारा किए गए कार्यों को समाज हमेशा याद रखेगा। बोली शिल्पकार सभा जो सभी वर्गों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सममानित करने जो शुरुआत की है वह सहारनीय एवं प्रेरणा दायक है।

शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चंद्रा ने कहा कि राय बहादुर मुंशी हरिप्रसाद टमटा जी ने हमें जो मार्ग दिखाया है हमारा भरपूर प्रयास रहेगा की हम उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करें, उनके द्वारा शिक्षा के लिए विशेष प्रयास किया गया उन विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने 150 रात्रि विद्यालय खोलकर शिक्षा के लिए जो योगदान दिया है उसे बुलाया नहीं जा सकता है आज हमने उनके जन्मदिन के अवसर पर नैनीताल के विभिन्न सरकारी और पबलिक स्कूल के बच्चों को जिन्होंने इस वर्ष विभिन्न बोर्डों के माध्यम से उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं उन सात बच्चों को आज प्रतिभा सममान समारोह के तहत सममानित किया है हमारा प्रयास है कि शिक्षा की क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को हर वर्ष पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड शिरोमणि सममान से पुरस्कृत डॉ. प्रमोद कुमार को भी अंग वस्त्र पहनकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर उनको सममानित किया गया। कार्यक्रम में सभा के पूर्व अध्यक्ष श्याम नारायण व संजय कुमार संजू तथा के एल आर्य समेत सुनीता आर्य, कैलाश आगरकोटी, राजेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, सुरेश चंद्र, संजय कुमार, इंदर कुमार, देवेंद्र प्रकाश, जसी राम, तारा आर्य, मनीष आर्य ,त्रिभुवन अग्रगामी, अनिल कुमार गोरखा, धर्मेंद्र कुमार, एन आर आर्य, पी आर आर्य, प्रकाश आर्य आदि लोगों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में पुरस्कार लेने वाले सभी बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश लाल तथा महेश चंद ने किया।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ZULFUKAR AHMAD (पुराना नाम) से बदलकर MOHD ZULFUKAR AHMAD (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे MOHD ZULFUKAR AHMAD से ही जाना पहचना जाए। - **मो जुलफुकार अहमद (MOHD ZULFUKAR AHMAD) पुत्र मेहमूद आलम, गौजाजाली उत्तर निकट हिमालय स्कूल, हल्द्वानी (नैनीताल)**

## पांच शोधार्थियों को भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलुरू विजयन संकाय का अवसर

**नैनीताल ।** मुखयमंत्री विद्यार्थी शैक्षिक भारत दर्शन योजना के अंतर्गत कुमाऊं विश्व विद्यालय नैनीताल के पांच शोधार्थियों को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलुरू विजयन संकाय के अंतर्गत जाने का अवसर दिया गया है। इसमें लता नीतवाल ,दिशा उप्रेती, तथा विशाल सिंह (वनस्पति विज्ञान विभाग) तता नीलम (कंप्यूटर साइंस)तथा गौरव रावत जूलॉजी विभाग शामिल हैं।

# पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित 12वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित 12वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता रविवार से गोवर्धन हाल में प्रारंभ हो गई है। प्रतियोगिता में अंडर 9/11/13/15 व 18 आयु वर्गों में मुकाबले खेले गए। समाचार लिखे जाने तक 4 राउंड के मुकाबले संपन्न हो गए थे।

चौथे चरण के अंडर 9 के मुकाबले में आनंदा अकेडमी हल्द्वानी के लवयांश ने दीक्षांत हल्द्वानी के मनस्वी विष्ट को जबकि सेंट जोजफ़ स्कूल नैनीताल के अचिंत्य उपाध्याय ने होली विस्डम की अन्वीक्षणा वर्मा को, बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के मानविक ने शेरवुड कॉलेज नैनीताल के गौरांश रौतेला को हराकर फ इनल मुकाबले में जगह बनाई। अंडर 11 वर्ग में दीक्षांत हल्द्वानी के सक्षम दर्शन ने शारदा पबलिक स्कूल अल्मोड़ा को, आनंदा अकेडमी हल्द्वानी की सौमया मेहरा ने क्वींस स्कूल हल्द्वानी को, सिंथिया हल्द्वानी के मेदांश जोशी ने दीक्षांत हल्द्वानी के शिखर मित्तल को जबकि संत थेरेसा के शिखर ने दीक्षांत हल्द्वानी के नायशा सिंह को हराकर अपनी बढ़त बनाई। अंडर 13 वर्ग में बिशन वैली काशीपुर की तान्या पाण्डेय ने जीडी गोयनका नौकुचियाताल के अरनव छापरिया को तथा केवीस हल्द्वानी के ऋषभ पाण्डेय और बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के दिव्यांश चंदोला के मध्य मुकाबला बराबरी पर छुटा। अंडर 15 वर्ग में बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के कृष्ण गुप्ता ने लॉन्ग व्यू नैनीताल को जबकि सिंथिया हल्द्वानी के गर्वित पंत और समर स्टडी हॉल काशीपुर के प्रखर सकसेना के मध्य मुकाबला मुकाबला बराबरी पर छुटा। अंडर 18 वर्ग में क्वींस स्कूल हल्द्वानी के धुवंश भट्ट ने क्वींस स्कूल हल्द्वानी के हर्षित पंत को, शेरवुड कॉलेज नैनीताल के आदित्य बहानी ने शेरवुड कॉलेज नैनीताल के कबीर चोपड़ा को, बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के रक्षित मालसी ने बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के शास्वत आनंद को हराकर अगले चरण में स्थान बनाया। प्रतियोगिता में विजय बहुगुणा, अमित कुमार, ललित लामाकोटी, संतोष कुमार, धीरेन्द्र विष्ट तथा संदीप बिष्ट बतौर कोच मौजूद रहे जबकिआर्बिटर की जिमेदारी नीरज शाह, दिव्यांशु तिवारी, तोषित तिवारी व विश्वकेतु वैध ने निभाई। इससे पहले संस्था अध्यक्ष ईश्वर तिवारी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

# फिल्मी दुनिया

## कभी खुशी कभी गम की छोटी पूह' के घर गूंजी किलकारी



*कभी खुशी कभी गम में छोटी पूह का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मालविका राज अब असल जिंदगी में मां बन गई हैं। उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया है। इसकी जानकारी अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए दी है। साल 2001 की सुपरहिट फिल्म %कभी खुशी कभी गम में करीना कपूर के बचपन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री मालविका राज के घर किलकारी गूंजी है। अभिनेत्री और उनके पति प्रणव बग्गा अब पैरेंट्स बन गए हैं। इस जोड़े ने बेबी गर्ल का स्वागत किया है। इस खुशखबरी को दोनों ने संयुक्त रूप से इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसकी जानकारी मिलते ही तमाम सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। रविवार की शाम मालविका राज और प्रणव बग्गा ने इंस्टाग्राम पर संयुक्त रूप से एक पोस्ट साझा कर माता-पिता बनने की खुशी को शेयर किया। इस पोस्ट में एक मोशन ग्राफिक्स शेयर किया गया है, जिसे बैलून और पिंक कलर से सजाया गया। इसमें लिखा, 'पिंक बोज, नन्हे पैर और ढेर सारा प्यार। इस दुनिया में आपका स्वागत है, बेबी गर्ल।' साथ ही जानकारी मिली की इस बच्ची का जन्म 23 अगस्त को हुआ था। वहीं पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'हमारे दिल से हमारी बाहों तक, हमारी बेटी यहां है।*

### सेलेब्स और फैंस ने दी बधाई

*इस खुशखबरी के मिलते ही सोशल मीडिया पर सेलेब्स ने नए-नवेले पैरेंट्स बने मालविका-प्रणव को बधाइयां देनी शुरू कर दी। प्रज्ञा जायसवाल ने लिखा, बधाई हो गाईज। वहीं शर्ली शेटिया ने कहा, 'दोनों को हार्दिक शुभकामनाएं।' इसके अलावा प्रशंसकों ने भी इस जोड़े को बधाई दी। एक ने कमेंट किया, 'बेबी डॉल के आगमन पर मालविका को बधाई। साल 2023 में मालविका राज ने प्रणव बग्गा से सगाई थी, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी थी। 10 साल तक डेट करने के बाद, दोनों ने नवंबर 2023 में गोवा में शादी कर ली थी।*

# विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 34वीं वाहिनी ने सेवा और एकता का संदेश देते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह अभियान ब्रह्माकुमारीज़ की समाज सेवा शाखा और रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से सुशीला तिवारी हॉस्पिटल, हल्द्वानी में संपन्न हुआ।अभियान के दौरान 34वीं वाहिनी के 15 कार्मिकों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। इस अवसर पर बल के कमांडेंट अनिल सिंह बिष्ट ने कहा कि आईटीबीपी सिर्फ राष्ट्र की सुरक्षा ही नहीं करती, बल्कि समाज के प्रति अपने मानवीय दायित्वों को भी निभाती है। रक्तदान के जरिए बल ने विश्व बंधुत्व के मूल्यों को मूर्त रूप दिया है और यह सिद्ध किया है कि सेवा ही सच्चा धर्म है। कार्यक्रम के दौरान बल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा गया कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और निस्वार्थ सेवा की भावना को मजबूत करते हैं।



# समाजसेवी प्रताप भैय्या की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



आचार्य नरेंद्र शिक्षा निधि भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय एवं राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ के संयुक्त तत्वाधान में उपरोक्त संस्थाओं के संस्थापक एवं समाजसेवी प्रताप भैय्या की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शनिवार को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के सभागार में किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति आलोक मेहरा व अतिथियों ने प्रताप भैय्या के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, विद्यालय के बालसैनिकों ने इस अवसर पर सरस्वती बन्दना, स्वागत गीत व विद्यालय कुलगीत प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रसन्ना प्राणा माता जी, शारदा मिशन पंगूट नैनीताल को उनके द्वारा स्वामी विवेकानन्द के विचारों के अनुरूप महिलाओं के आत्मनिर्भर बनाने के लिए किये गये उलेखनीय कार्यों के लिए प्रताप भैय्या अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने कहा प्रताप भैय्या ने अपने जीवन में मूल्यों की राजनीति की और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया।

इस अवसर पर विद्यालय की मेधावी छात्रा सुनैना को स्व. बीना स्मृति, विद्यालय स्तर पर हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रा साक्षी बिष्ट को भारत-भारती, छात्र भरत को प्रताप भैय्या-बीना, सुमित सिंह फॉल को नवीन चन्द्र जोशी, सक्षम कुमार, बबीता को सीता देवी स्मृति छात्रवृति प्रदान की गई। इस दौरान निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय-प्रताप भैय्या का व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा उनके विचारों की प्रासंगिकता था। जिसमें कृतिका प्रथम व काव्या जोशी द्वितीय , दिव्या आर्या ने तृतीय व लक्ष्मी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एधिकस बाउल प्रतियोगिता में बालक टीम ने प्रथम, भाशसैवि की टीम ने द्वितीय, राशसै स्मारक विद्यापीठ की बालिका टीम ने तृतीय तथा भारासेवि की बालिका टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। वीडियों मेकिंग प्रतियोगिता में भाशसैवि के जशिध आलोक ने प्रथम, राशसै स्मारक विद्यापीठ के मो. इमरान ने द्वितीय, भाशसैवि के विकास जोशी ने तृतीय तथा राशसै स्मारक विद्यापीठ के हिमांशु ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। भजन प्रतियोगिता में भाशसैवि की श्रद्धा ने प्रथम व कार्तिक ने द्वितीय, राशसै स्मारक विद्यापीठ की भावना ने तृतीय तथा भातसैवि की रोशनी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। ड्राइंग प्रतियोगिता में भाशरीवि की नाजिया ने प्रथम, राशसैस्मारक विद्यापीठ की खुशबू ने द्वितीय, भाशसैवि के पवन पंत ने तृतीय तथा राशसे स्मारक विद्यापीठ विक्रम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। डॉ. रवि जोशी व बसन्ती रौतेला ने निर्णायक भी भूमिका निभाई। आचार्य नरेन्द्र देव शोध संस्थान की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रताप भैय्या के व्यक्तित्व व कृक्तित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रबन्धक ज्योति प्रकाश ने भी आमंत्रित जनों का स्वागत करते हुए इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। विद्यालयकी छात्रा सुनैना ने प्रताप भैय्या की जीवनी के बारे में बताया इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल, हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष डीएस मेहता, नगरपालिका परिषद नैनीताल की अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, पूर्व प्रधानाचार्य पूरन सिंह, पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष डॉ. मनोज सिंह बिष्ट निशान्त स्कूल की प्रधानाचार्या तारा बोरा, केदार सिंह, आरोही संस्था के गोपाल नेगी, प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, मौनाक्षी बिष्ट, भावना शाह, वन विभाग के दरोगा संतोष जोशी, बिमला राठौर, नंदन सिंह, आनंद लाल, मनोज आदि मौजूद रहे। संचालन प्रवीण सती व उत्कर्ष बोरा द्वारा किया गया।

## News कॉर्नर

### सभासद शीतल कटियार ने कुमाऊं आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**नैनीताल** । नैनीताल नगर पालिका परिषद की हरिनगर वार्ड की सभासद शीतल कटियार ने शनिवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत व जिलाधिकारी वंदना सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने नंदा देवी महोत्सव में दुकानों के आवंटन के मामले में सखत नाराजगी जताते हुए मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग दोनों अधिकारियों से की है।

सभासद शीतल कटियार ने ज्ञापन में कहा है कि 18 अगस्त को हुई पालिका की बोर्ड मीटिंग में सर्व सममति से टैंडर की राशि 70 लाख तय हुई थी जिसकी अवधि 28 अगस्त से लेकर 5 सितंबर तक की गयी थी,शीतल के मुताबिक दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से उन्हें ज्ञात हुआ है कि रि-टैंडर आफ लाईन मोड पर कर दिया गया है जिसकी टैंडर राशि 55 लाख तय कर दी गयी जो कि पालिका की बोर्ड के संज्ञान में लाए बिना पारित कर दिया गया है जो कि न्याय संगत नहीं है। उन्होंने दोनों अधिकारियों से मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# दो दिवसीय तब्लीगी जमात में अमन-भाईचारे की दुआ मांगी

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

मोहल्ला खताड़ी की बड़ी मस्जिद में दो दिन तक तब्लीगी जमात का शानदार इज्तेमा आयोजित हुआ जिसमें दूर-दराज से आए हजारों अकीदतमंदों ने शिरकत कर माहौल को रूहानी रंगों से भर दिया। जलसे की तकरीर मुरादाबाद से तशरीफ लाए मुफ़्ती अफ्फान और मुफ़्ती अजमल ने की।

उन्होंने कहा कि इस्लाम झूठ चोरी नशा सूदखोरी हराम चीज़ों और जुल्म का पैरोकार नहीं बल्कि मोहब्बत इंसानियत और भाईचारे का पैगाम देता है। उन्होंने शिरकत करने वालों से नबी-ए-पाक हजरत मोहम्मद साहब की सुन्नतों और अल्लाह पाक के बताए रास्तों पर चलने की अपील की। मुफ्ती अफ्फान की रूहानी तकरीर के बाद हजारों हाथ एक साथ उठे और मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और कौम की सलामती के लिए दुआएं मांगी गईं। इस मौके पर बड़ी तादाद में निकाह भी पढ़ाए गए और रामनगर से



35 जमातें बाहर दावत-ए-तब्लीग़ के लिए रवाना हुईं। इज्तेमा में सामाजिक सरोकार भी खूब दिखा।

स्थानीय डॉक्टर्स की टीम ने मुफ्त हेल्थ कैंप लगाया जिसमें करीब दो हजार मरीजों को जांच व दवाएं दी गईं। इज्तेमा में शहर और आसपास के उलेमा, जिम्मेदारान और हजारों की भीड़ मौजूद रही। इसमें बड़ी मस्जिद के इमाम मुफ़्ती अकील अहमद, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के मौलाना जलीस कासमी, तब्लीगी जमात के सदर मोइन कुरैशी, हाफिज सईद अख्तर, कारी शमशाद समेत कई सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल रहीं। दो दिनों तक चली इस महफ़िल ने साबित कर दिया कि जब हजारों लोग एक साथ मोहब्बत भाईचारे और अमन का पैगाम लेकर उठते हैं तो समाज में नफ़रत की जगह सिर्फ़ इंसानियत और एकता की खुशबू फैलती है।

# श्री गणेश महोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियां हुई तेज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा श्री गणेश महोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा ने बताया गणेश महोत्सव धार्मिक के साथ सामाजिक होगा 27 से 31 अगस्त तक रंगा रंग धार्मिक व संस्कृति कार्यक्रमों के साथ 30 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा जो कि थैलीसीमिया बीमारी को समर्पित रहेगा। अध्यक्ष धर्मेन्द्र व संरक्षक रूपेंद्र नागर ने बताया 27 अगस्त को दोपहर 12बजे शिव मन्दिर मंगल पड़ाव भगवान की प्रतिमा नाचते गाते हुए बैंड बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल लक्ष्मी शिशु मन्दिर स्कूल में स्थापित की जायेगी।

मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया गणेश महोत्सव के दौरान फैंसी ड्रेस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता व भव्य डांडिया उत्सव जैसे दर्जनों धार्मिक व सामाजिक आयोजन किया जायेगा। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा सुभाष मोंगा हैप्पी अटवाल रूपेंद्र नागर धर्मेन्द्र गुप्ता हेमन्त साहू शिव कपूर पदम् पाल सुशील गुप्ता गुप्ता दीपांशु शर्मा अमित अश्वनी सन्नी कपूर अशोक सिंधी हरीश नाथ गोस्वामी नंद किशोर जायसवाल दिनेश अग्रवाल दीपू धर्मेन्द्र साहू रामरूप गुप्ता विपिन साहू समेत तमाम पदाधिकारी थे।




# 28 से पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के सहयोग से अबकी बार पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज 28 सितंबर (रविवार)से होगा जिसका समापन दो अकटूबर (वीरवार) को होगा।

महोत्सव की कामयाबी को लेकर नैनीताल में रविवार को कमेटी की बैठक का आयोजन कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में गोवर्धन कीर्तन हाल में किया गया। बैठक में सबसे पहले बीते वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव में हुए आय-व्यय का बयौरा विस्तार से रखा गया। बैठक का हवाला देते हुए कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव भव्य तरीके से आयोजित होगा। कोलकाता से नए मूर्तिकार बुलाए जाएंगे, मां नयना देवी मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। कमेटियों का गठन कर उन्हें जिममेदारियां सौंप दी गई हैं साथ ही इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव में बंगाल और उत्तराखंड की लोक संस्कृति देखने को मिलेगी। बैठक में कई अन्य मुद्दों पर गहन मंथन किया गया।

बैठक में कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा समेत राकेश कुमार, शिव राज सिंह नेगी, पवन कुमार शर्मा, सुरेश चौधरी, डॉली भट्टाचार्या, तृप्ती मजूमदार, चित्रा शर्मा, मंजू रौतेला, अमिता, रश्मि राणा, कुसुमलता सनवाल, मीनू बुधलाकोटी, सावित्री सनवाल, नीरज कुमार पंत, किशन सिंह अधिकारी, यश शर्मा, अमन,सौरव, आकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे। अंत में कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट व महासचिव उमेश मिश्रा ने सभी का आभार जताया।



## 6 व 7 सितंबर को संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल** । नगर की प्रतिष्ठित शारदा संघ व युगमंच की ओर से आगामी 6 व 7 सितंबर को लोक गीत/पहाड़ी गीत गायन प्रतियोगिता व सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव व प्रतियोगिता के आयोजक सचिव प्रो.घनश्याम लाल साह के मुताबिक लोक गीत/पहाड़ी गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन 6 सितंबर (शनिवार) को जबकि सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 7 सितंबर (रविवार) को किया जाएगा।

# एंबुलेंस चालक शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रोड वेज के समीप मिले खंडर में मिले एंबुलेंस चालक शव का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में जनता से जांच कर रही है। तहसील परिसर के खंडहर में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। रविवार शाम रोडवेज स्टेशन में तेज दुर्गंध आने से लोगों ने निकट तहसील परिसर में किसी जानवर के मरे होने की संभावना जताई। जिसकी बाद कछ लोग ने वहां तलाश शुरू करी। तलाशी के दौरान वहां स्थित खंडहर में सड़ी गली लाश दिखी। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तफ्तीश शुरू कर दी। जांच में पता चला कि मृतक का नाम मनोज बेलवाल है जो कि बेस अस्पताल में एम्बुलेंस का ड्राइवर था। बताया जा रहा है पत्नी के निधन के बाद से ही मनोज अवसाद में रहने लगा और शराब का आदी हो गया था। पिछले दो सालों से वह ड्यूटी पर भी नहीं गया था। सूचना के मिलते ही मनोज के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मनोज मुख्य रूप से बेतालघाट निवासी बताया जा रहा है।

मनोज की पत्नी का निधन भी पांच वर्ष पूर्व हो गया था। और एक बेटी है जो अपने मामा के साथ रहती है। पुलिस के मुताबिक शव करीब एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है मौत की वजह पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

# हमारी संस्कृति हमारी पहचान एवं हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा कैंट सभागार में हमारी संस्कृति हमारी पहचान एवं हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरिता आर्या, पालिका अध्यक्ष डॉ.सरस्वती खेतवाल, रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता एवं समाजसेवी दर्शन नेगी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस दौरान शहर के 13 बुजुर्गों -महेश लाल शाह, डॉ. दिनेश अवस्थी, पान सिंह रौतेला, बिहारी लाल शाह, गोपाल सिंह बिष्ट, दुर्गा दास शाह, कामेश्वर प्रसाद काला, हरीश लाल शाह, श्याम सिंह बिष्ट, केपी शाह, घनश्याम सिंह बिष्ट, उमेश लाल शाह एवं आर. सिंह



आनंद को प्रतीक चिन्ह एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सात नंबर टीम ने बारहमासा की आकर्षक प्रस्तुति दी, वहीं वैष्णो देवी ग्रुप ने कुमाऊं के तीज-त्योहारों पर विशेष प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शैली प्रतियोगिता में जया पालीवाल प्रथम, भावना रावत द्वितीय एवं वर्षा आर्या तृतीय स्थान पर रही। ज्योति चौधरी, अंजलि बिष्ट, हेमा पालीवाल एवं ममता तिवारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान जैसा आयोजन आने वाली पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का उत्तम माध्यम है। विधायक सरिता आर्या ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि लेक सिटी वेलफेयर क्लब सालभर नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रहा है। पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने क्लब को भविष्य में प्रदेश का अग्रणी क्लब बनने की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी कीर्ति, दीपा पांडे एवं दीपा पांडे ने किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष आभा शाह, सचिव कविता त्रिपाठी, प्रगति जैन, गीता शाह, हेमा भट्ट, मंजू बिष्ट, रानी शाह, ज्योति दोदियाल, विनीता पांडे, रमा भट्ट, रमा तिवारी, कंचन जोशी, नीलम गुप्ता, सीमा सेठ, प्रेमा अधिकारी, सविता कुलौरा, दया कुंवर, नीरू शाह, मानसी गर्ग, तुसी शाह, मीनू बुधला, अमिता शाह, सरस्वती सिराला, भावना शाह, मधुमिता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।